# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 31 अगस्त, 2015/9 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न** - 25

----

### मजदूरों का पंजीकरण

1046 **श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)ः

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी झुंगी-झोपड़ियां हैं तथा इनमें कितने प्रवासी मजदूर रहते हैं और क्या इन प्रवासी मजदूरों की Registration हुई है;

(ख) इनमें से कितने प्रवासी मजदूर प्राइवेट जगह पर आशियाने बनाकर रहते हैं और कितने सरकारी भूमि पर; और

(ग) प्रदेश में झुंगी-झोपड़ियों में रहने वाले प्रवासियों की शौच जाने की क्या व्यवस्था है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

### बजट का प्रावधान

1047 **श्री ईश्वर दास धीमान** (भोरंज)ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में मुद्रण एवं लेखन सामग्री हेतु कितने-कितने बजट का प्रावधान किया गया; ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## कृषि उपकरण

1048 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में कृषि विभाग द्वारा चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि सम्बन्धी उपकरण कहां-कहां उपलब्ध करवाए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) विभाग द्वारा किन-किन मदों में किसानों को उपदान उपलब्ध करवाया गया; विवरण दें ?

----

## Vacancy Position

1049 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-
(a) how many posts of Lecturers, TGTs and LTs are lying vacant in Education Department in Nalagrah Assembly Constituency;

(b) since when these posts are lying vacant; category-wise detail be given; and

(c) by when these will be filled up?

----

## Latest Position of D.P.Rs

1050 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-
(a) whether it is a fact that the project of channelisation (to be sponsored by Ministry of Water Resources GOI) of various rivers/khuds & construction of low height dams, under Nalagarh Assembly Constituency falls under MLA priority Schemes;

(b) if yes, what is the latest position of the DPRs and what efforts the Department has put in till date; and

(c) by when the channelisation of Rivers/Khuds and construction of low height Dams will be started?

----

## रोगी वाहनों के किराये में बढ़ौतरी

1051 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में एम्बुलैंस के किराये की दरें प्रति किलोमीटर कब निर्धारित की गई; यह कितनी हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार डीजल/पेट्रोल की बढ़ती हुई कीमतों के दृष्टिगत एम्बुलैंस के किराये की दरों में बढ़ौतरी करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

----

## मजीठिया वेज बोर्ड

1052 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन)**ः

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रिंट मीडिया के लिए मजीठिया वेज बोर्ड द्वारा कोई सिफारिशें की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो उन्हें लागू करने हेतु सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सिफारिशें कब तक लागू कर दी जायेंगी ?

----

## लोरन रक्लाड़ा सड़क

1053 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लोरन रक्लाड़ा सड़क कुल्लू में PMGSY के अन्तर्गत स्वीकृत है और टेंडर भी हो चुके हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सड़क का कार्य कब तक प्रारम्भ किया गया और यह कार्य कब से बन्द पड़ा है और बन्द होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## दुर्गा दत्त स्मारक

1054 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पर्यटन विभाग ने ग्राम पंचायत दयोथी में स्थित दुर्गा दत्त स्मारक हेतु हर गांव की कहानी योजना के अन्तर्गत तीन लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है; और

(ख) यदि हां, तो इस धनराशि को किस कार्य हेतु खर्च किया गया; ब्यौरा दें?

----

## वनरक्षकों की भर्ती

1055 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने हाल ही में गार्डों की हुई भर्ती सर्कलशः करने का निर्णय लिया था क्योंकि गार्ड का पद सर्कल कैडर है और चयन भी उसी सर्कल के अभ्यर्थियों में से होता है; इस बार यह भर्ती सर्कलशः न होकर प्रदेश भर के अभ्यर्थी जगह-जगह साक्षात्कार में उपस्थित हुए;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न सर्कलों के कितने-कितने पदों को भरने का निर्णय लिया गया तथा कितने अभ्यर्थी सर्कलशः भर्ती हुए और कितने-कितने सर्कल के बाहर के नियुक्त हुए; और

(ग) यह सत्य है कि कुल्लू सर्कल हेतु स्वीकृत कुल 60 पद में से 40 के लिए साक्षात्कार हुए; क्योंकि 20 की स्वीकृति में विलम्ब कारण रहा है; यदि हां, तो क्या सरकार इन पदों को भी इस साक्षात्कार के आधार पर भरने के आदेश देगी?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग चक्की-मण्डी

1056 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चक्की-मण्डी राष्ट्रीय उच्च मार्ग का निर्माण जोगिन्द्रनगर से मण्डी तक शेष है; यह कब तक पूर्ण होगा; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार क्या राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बैजनाथ-पपरोला कस्बों को बाइपास सुविधा से जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) वर्तमान में इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधीन कितने पुल निर्माणाधीन हैं; इनका निर्माण कब तक कर लिया जाएगा ?

----

## कूहलों का निर्माण

1057 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बहाव सिंचाई हेतु कूहलों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## रेल सेवा

1058 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सरकार द्वारा पपरोला से पठानकोट तक रेल सेवा को बहाल करने तथा इनकी संख्या में बढ़ौतरी करवाने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## अध्यापकों की भर्ती

1059 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में वोकेशनल शिक्षा हेतु विभिन्न कम्पनियों द्वारा अध्यापकों की भर्तियां की जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि इन कम्पनियों द्वारा ऐसे लोगों को भी भर्ती किया गया जिन्होंने साक्षात्कार ही नहीं दिये; और

(ग) यदि हां, तो सरकार उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई करेगी; ब्यौरा दें?

----

## आयुर्वैदिक अस्पताल पलोहटा

1060 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ग्राम पंचायत पलोहटा में आयुर्वैदिक अस्पताल और ग्राम पंचायत लोट के गरारी गार्ड वार्ड में उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इसको खोलने के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) यदि नहीं , तो अधिसूचना कब तक जारी की जाएगी ; ब्यौरा दें ?

----

## दूध के सैम्पल

1061 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला मंडी में कितने खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यरत हैं तथा उन्होंने 2014-15 में दूध के कितने सैम्पल भरे और उसमें कितने मिलावटी (sub-standard) पाए गए; ब्यौरा दें ?

----

## DPR of Water Supply Scheme

1062 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether any DPR has been prepared for augmentation of source level of draught affected WSS of Salooni, Manjeer, Sundla and Deur area of Dalhousie Constituency which was in MLA priority; and

(b) what is the estimated cost of the scheme ?

----

## रोस्टर लागू करना

1063 **श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री ईश्वर दास धीमान(भोरंज) :**
**श्रीमती आशा कुमारी(डलहौजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.07.2015 तक शिक्षा विभाग में कितने अध्यापकों को TGT से PGT तथा JBT से TGT पदोन्नत किया गया; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) पदोन्नति प्रक्रिया में SC/ST हेतु Roster लागू किया गया; यदि हां, तो कितने अध्यापकों/प्राध्यापकों को पदोन्नत किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) चम्बा जिला के कितने SC/ST, JBT से TGT व TGT से PGT बनाया गया; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## प्राध्यापकों/अध्यापकों की रिक्तियां

1064 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राध्यापकों व अध्यापकों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा पाठशालाओं का श्रेणीवार दें?

----

## लोक निर्माण विभाग द्वारा देनदारियां

1065 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा)** :
**श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल कितनी देनदारियां देय हैं; ब्यौरा लोक निर्माण मण्डलशः दें?

----

## गाड़ियों का पंजीकरण

1066 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि शिमला शहर में नई गाड़ियों का पंजीकरण (Registration) किया जा रहा है; यदि हां, तो दिनांक 01-01-2015 से 31-07-2015 तक कितनी गाड़ियों का पंजीकरण किया गया; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) इस अवधि में गाड़ियों के पंजीकरण न होने से प्रदेश के राजस्व का कितना नुकसान हुआ तथा पंजीकरण करने हेतु सरकार क्या प्रयास कर रही है; ब्यौरा दें?

----

## सीवरेज सैस कम करना

1067 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)**ः

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने शिमला नगर निगम को पानी के बिल के साथ सीवरेज सैस (बिल का 50%) जोड़ने व Consumers से वसूलने का कोई आदेश दिया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार नगर निगम द्वारा प्रस्तावित 15% cess charge के प्रस्ताव को स्वीकृति देने पर विचार करेगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

## स्वास्थ्य संस्थान खोलने के मापदण्ड

1068 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2015 तक प्रदेश में कितने नये/स्तरोन्नत उप-स्वास्थ्य केन्द्र (Health Sub Centre) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) अधिसूचित किये गये; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) उप-स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को खोलने के क्या-क्या मापदण्ड हैं; और इस अवधि में अधिसूचित किए गये स्वास्थ्य संस्थानों से कितनी-कितनी जनसंख्या को लाभ मिल रहा है; ब्यौरा स्वास्थ्य संस्थानवार दें?

----

## सड़कों की स्वीकृति

1069 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2015 तक प्रदेश की किन-किन सड़कों की केन्द्र सरकार की पर्यावरण मन्त्रालय से सैद्धांतिक (In-Principle-Approval) व अन्तिम स्वीकृति (Final Approval) प्राप्त हुई; ब्यौरा वन मण्डलवार दें;

(ख) वर्तमान में कितनी सड़कों की स्वीकृति के मामले केन्द्र सरकार के पास लम्बित हैं; ब्यौरा वन मण्डलवार दें; और

(ग) यह सत्य है कि माह अगस्त, 2014 में FCA के मामले Online किये गये; यदि हां, तो इन Online मामलों में कितनी सड़कों की स्वीकृति प्रदेश सरकार को प्राप्त हुई व कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा वन मण्डलवार दें?

----

## Thirote Power House

1070 **Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti)**:

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that two turbines in Thirote Power House are not in working condition & 3rd turbine is also not generating sufficient power;

(b) if so, by when the Government proposes to make them functional; and

(c) whether there is any leakage from the trench of storage of water for electricity causing danger to villagers of Thirote?

----

**Shimla : 171004.** | **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 19th August, 2015.** | **Secretary.**